भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 251 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 10 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## पंचायत चुनाव में दो बच्चों की बाध्यता खत्म, विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित

### 31 साल पुराना नियम हटाया, अब दो से ज्यादा बच्चों वाले भी लड़ सकेंगे पंचायतीराज चुनाव

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान विधानसभा में सोमवार को पंचायतीराज चुनावों में दो बच्चों की बाध्यता खत्म करने वाला राजस्थान पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक-2026 बहस के बाद पारित कर दिया गया। इस संशोधन के साथ ही अब दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति भी पंचायतीराज चुनाव लड़ सकेंगे।

संशोधन के तहत राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम की धारा 19 में बदलाव किया गया है। पहले इस धारा के अनुसार दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को वार्ड पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रधान और जिला प्रमुख के चुनाव लड़ने से अयोग्य माना जाता था। अब इस प्रावधान को हटा दिया गया है।

यह नियम करीब 31 साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत की सरकार के समय जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से लागू किया गया था। वर्ष 1995 में लागू इस कानून के कारण दो से अधिक बच्चों वाले कई जनप्रतिनिधि पंचायतीराज चुनावों में भाग नहीं ले पाते थे।

विधानसभा में पारित इस संशोधन के बाद अब ऐसे लोगों के लिए चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है, जो दो बच्चों की शर्त के कारण अब तक चुनाव से बाहर



थे। माना जा रहा है कि इससे आने वाले पंचायतीराज चुनावों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और स्थानीय राजनीति के समीकरण भी बदल सकते हैं। अब इस विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद इसका गजट नोटिफिकेशन जारी होगा और उसके बाद यह प्रावधान प्रदेश में लागू हो जाएगा।

## कार से 3 किलो 2 ग्राम अफीम बरामद

### नाकाबंदी तोड़कर भागा आरोपी, पीछा कर पकड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 3 किलो 2 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी मुलचंद वर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 8 मार्च को पुलिस ने भीलवाड़ा-गुलाबपुरा मार्ग पर थाने के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और नाकाबंदी तोड़कर रायला की ओर भाग निकला।

पुलिस टीम को संदेह होने पर कार का पीछा किया गया। कार चालक वाहन को तेज गति से नेशनल हाईवे पर ईरास चौराहे की ओर ले गया, लेकिन पुलिस के लगातार पीछा करने पर वापस मुड़कर रायला की तरफ आने लगा। इस दौरान पुलिस ने रायला थाने के सामने कार को रोककर चालक को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी की पहचान राजप्रीत सिंह (30) पुत्र इकबाल सिंह, निवासी हररायपुर , नहियावाला जिला भटिंडा (पंजाब) के रूप में हुई। कार की तलाशी लेने पर दो प्लास्टिक थैलियों में 3 किलो 2 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने अफीम और कार को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में कल फाग महोत्सव, भक्त खेलेंगे फूलों व गुलाल से होली

### शीतला सप्तमी पर सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक आयोजन, पलाश के फूलों से होगा ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

(दिनेश पारीक)। मेवाड़ के प्रसिद्ध आस्था धाम श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ मंदिर में बुधवार को शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार को क्षेत्र में 'रादणा-पोवणा' का पर्व मनाया जा रहा है, जबकि बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मंदिर परिसर में भक्त मर्यादा में रहकर ठाकुरजी के साथ होली खेलेंगे।मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि फाग महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर की गरिमा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि भक्त एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर अर्द्धनग्न अवस्था में न रहें और केवल गुलाल व फूलों से ही होली खेलें। पक्के रंगों के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।

महोत्सव की विशेषता ठाकुरजी का पारंपरिक श्रृंगार रहेगा। इसके लिए भक्त जंगलों से पलाश (कांकरा) के फूल एकत्रित कर रहे हैं। इन फूलों और गेहूं की सुनहरी बालियों से ठाकुरजी का विशेष 'बागा' तैयार किया जा रहा है। साथ ही पलाश के फूलों को उबालकर प्राकृतिक केसरिया जल बनाया जा रहा है, जिससे होली खेली जाएगी।

महोत्सव के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन होगा, जिसमें भजन गायक गोकुल शर्मा, राजू रावल, पूरण गुर्जर, युवराज वैष्णव और दिनेश राठौड़ फाग गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। श्रद्धालुओं के लिए विशाल स्तर पर प्रसाद की व्यवस्था की गई है। महाप्रसाद के रूप में 1100 लीटर दूध, 300 किलो चावल, 200 किलो शक्कर और ड्राई फ्रूट्स से 'मीठा ओलिया' तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा 1000 लीटर केसरिया ठंडाई, 700 किलो चिप्स-पापड़, माखन-मिश्री, गुड़ का चूरमा और फ्रूट सलाद का वितरण भी किया जाएगा। मंदिर दरबार को 251 किलो फूलों से सजाया जाएगा और लगभग 500 किलो गुलाल का उपयोग होगा। भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। थाना अधिकारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि वाहनों की पार्किंग दशहरा मैदान में रहेगी तथा यातायात सुचारू रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं।

## खामोर में बड़ा हादसा टला: मजदूरों से भरी वेन सरसों की बोरियों से लदी पिकअप से टकराई



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

क्षेत्र के खामोर गांव के पास सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब मजदूरों से भरी एक वेन सरसों की बोरियों से लदी पिकअप से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वेन का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं उसमें सवार महिलाओं को हल्की चोटें आईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वेन में खेतों में काम करने जा रही महिला मजदूर सवार थीं। इसी दौरान सामने से आ रही सरसों की बोरियों से भरी पिकअप से वेन की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े।

हादसे में वेन में सवार कुछ महिलाओं को हल्की चोटें आईं, जिन्हें स्थानीय लोगों की सहायता से तुरंत प्राथमिक उपचार दिलाया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

सूचना मिलने पर आसपास के लोग और ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। बाद में क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर रास्ता सुचारू किया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण इस तरह की दुर्घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

## सूने मकान में गैस सिलेंडर ब्लास्ट, तेज धमाके से दहला इलाका

### पहले लोगों ने भारत की जीत के पटाखे समझी आवाज, मकान मालिक परिवार सहित शादी में गया था चित्तौड़

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक सूने मकान में गैस सिलेंडर में जोरदार धमाका हो गया।

धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों में कंपन महसूस हुआ और लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। शुरुआत में लोगों ने इसे भारत की जीत के जश्न में चल रहे पटाखों की आवाज समझा, लेकिन कुछ ही देर में मकान से उठते धुएं और नुकसान को देखकर सिलेंडर ब्लास्ट का पता चला।

घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र की संतोष कॉलोनी की है। रविवार रात करीब 10 बजे के बाद अचानक तेज धमाका हुआ, जिसकी आवाज दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

जानकारी के अनुसार संतोष कॉलोनी में सत्यनारायण पुरोहित के मकान में गैस सिलेंडर में



रिसाव के कारण धमाका हुआ। तेज धमाके से घर के अंदर रखा सामान बिखर गया और दीवारों को भी नुकसान पहुंचा। मकान के खिड़की-दरवाजे भी क्षतिग्रस्त हो गए।

गनीमत रही कि हादसे के समय मकान मालिक सत्यनारायण पुरोहित अपने परिवार के साथ चित्तौड़गढ़ में एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। मकान खाली होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना मिलने पर गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मकान को सील कर दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी घटना के बारे में जानकारी जुटाई।

पुलिस ने घटना की जांच के लिए एफएसएल और एमओबी टीम को मौके पर बुलाया है। प्रारंभिक जांच में सिलेंडर से गैस रिसाव को धमाके का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीलवाड़ा-अजमेर नेशनल हाईवे-48 पर रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई। हादसा रायला ओवरब्रिज पर हुआ, जहां तेज रफ्तार वाहन ने व्यक्ति को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार ओवरब्रिज पर करीब 45 वर्षीय व्यक्ति का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रथम दृष्टया मामला हिट एंड रन का बताया जा रहा है।

पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसके पास किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं मिलने से शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक ने पैंट और टी-शर्ट पहन रखी थी तथा उसकी उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं अज्ञात वाहन की तलाश के लिए हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

रायला थाना पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों और सोशल मीडिया की भी मदद ले रही है। पुलिस का कहना है कि वाहन और मृतक की पहचान होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आरम्भ सेवा संस्थान द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के तिलक नगर स्थित राजकिय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आरम्भ सेवा संस्थान नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, भीलवाड़ा द्वारा एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में कॉलेज के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कॉलेज प्रशासन के प्रतिनिधियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संस्थान प्रमुख विशाल खंडेलवाल ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, उसके शारीरिक एवं मानसिक प्रभावों तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। खंडेलवाल ने कहा कि नशा आज समाज के सामने एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। विशेष रूप से युवा वर्ग इसके प्रभाव में तेजी से आ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कॉलेज प्रबंधन की ओर से प्रकाश चौधरी एवं राकेश अग्रवाल कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# युवाओं को उद्योग के अनुरूप तैयार करने के लिए फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान सरकार की ओर से युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम की शुरुआत की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शुरू की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्नातक और स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड ने बताया कि महाविद्यालय में शीघ्र ही एपेरल और आईटी क्षेत्र से जुड़े सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जाएंगे। इनमें एडवांस पैटर्न मेकर तथा फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट जैसे पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 20 और अधिकतम 30 सीटें निर्धारित की गई हैं। इन कोर्सों के तहत विद्यार्थियों को लगभग 510 से 540 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल हासिल कर सकेंगे।

उद्योग जगत के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित युवाओं को न्यूनतम 70 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इन कोर्सों में बीए, बीएससी, बीकॉम और एमए अंतिम वर्ष की छात्राएं तथा पूर्व छात्राएं आवेदन कर सकेंगी। कोर्स की फीस श्रेणी के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

# रावणा राजपूत समाज की महिलाओं ने मनाया गणगौर उत्सव



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रावणा राजपूत समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के नोहरे में महिलाओं द्वारा विधि-विधान से गणेश पूजन कर की गई।

इसके बाद मेवाड़ की परंपरा के अनुसार मंदाकिनी महादेव मंदिर से सेवरा लाया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के नोहरे में महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर नृत्य और घूमर नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

कार्यक्रम के दौरान ईशर-गणगौर की झांकी के रूप में नन्हे शिव-पार्वती के आगमन पर वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर महिलाओं ने शिव-पार्वती के साथ फूलों की होली खेली और भक्ति गीतों के साथ उत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम में समाज की 200 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# प्रशासनिक कारणों से कोटड़ी के विकास अधिकारी एपीओ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**



राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रशासनिक कारणों के चलते पंचायत समिति कोटड़ी के विकास अधिकारी रामविलास मीणा को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर मुख्यालय जयपुर लगा दिया है। जारी आदेशों के अनुसार उन्हें आगामी आदेशों की प्रतीक्षा में पंचायती राज विभाग, जयपुर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# अतिक्रमण हटाने गई नगर पालिका टीम पर पथराव, कर्मचारी घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



कस्बे के मालासेरी रोड स्थित कानपुरा चौराहे पर सोमवार को अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका की टीम पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही आसींद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई शुरू की।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विकास कुमावत ने बताया कि विभाग द्वारा नियोजित सरकारी जमीन की नीलामी प्रस्तावित है, जिसके लिए सोमवार को नगर पालिका की टीम जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। कार्रवाई शुरू होते ही वहां मौजूद अतिक्रमणकारियों ने जमीन पर अपना कब्जा बताते हुए विरोध किया और देखते ही देखते टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

पथराव में नगर पालिका के एक कर्मचारी को गंभीर चोट आई, जिससे उसके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। वहीं अधिशासी अधिकारी विकास कुमावत के पैर में भी चोट लगी। इस दौरान पथराव से एक जेसीबी मशीन का शीशा भी टूट गया।

कुमावत ने बताया कि मालासेरी रोड स्थित कानपुरा चौराहे के पास करीब 19 बीघा सरकारी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से अतिक्रमण किया हुआ था। तीन-चार महीने पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी बुलाया गया। पुलिस ने मौके से चार-पांच लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटनास्थल पर तहसीलदार जयसिंह चौहान, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विकास कुमावत सहित पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और पथराव में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।

# खेत की रखवाली के दौरान पेड़ से गिरने से किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के उखलिया गांव में खेत की रखवाली के दौरान एक किसान की पेड़ से गिरने से मौत हो गई।

सोमवार सुबह परिजनों को किसान खेत में घायल अवस्था में मिला, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार उखलिया निवासी 51 वर्षीय चैन सिंह पुत्र कुंदन सिंह राजपूत रविवार देर शाम रोजाना की तरह अपने खेत की रखवाली के लिए गए थे। सोमवार सुबह जब वे घर वापस नहीं लौटा तो परिजन उसे तलाशते हुए खेत पर पहुंचे। वहां चैन सिंह पेड़ के नीचे गिरे हुए मिले। पास ही पेड़ की कुछ टूटी हुई टहनियां भी पड़ी थीं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि वे पेड़ पर चढ़ा होंगा और संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गए। परिजन तुरंत उसे वाहन से आसींद अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद चैन सिंह को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को आसींद अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक के पुत्र कालू सिंह की रिपोर्ट पर शंभूगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के दो बेटे हैं।

# ढ़ेलाणा में गेहूं की फसल पर किसान संगोष्ठी आयोजित






**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( सांवर वैष्णव ):- क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में सोमवार को किसानों के लिए रासी सीड्स के सरताज गेहूँ का फसल संगोष्ठी आयोजित की गई । इस अवसर पर किसानों को सरताज गेहूँ की उन्नत खेती की जानकारी दी गई । कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने खेत में जाकर फसल का निरीक्षण किया और इसकी बेहतर वृद्धि, मजबूत बालियाँ तथा अच्छी पैदावार की संभावना को देखा । ढ़ेलाणा में मांगीलाल जाट के खेत पर कार्यक्रम के दौरान कंपनी के टेरीटरी मैनेजर संतोष कुमार ने किसानों को बताया कि सरताज गेहूँ की किस्म बेहतर उत्पादन देने वाली है तथा यह किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है।

इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने फसल के बारे में जानकारी प्राप्त की । किसानों ने फसल की गुणवत्ता की सराहना की और भविष्य में इस किस्म को अपनाने में रुचि दिखाई एवं राकेश जाट ने किसानों का आभार व्यक्त किया ।।



QUICK BITES

## गुरला में धुलंडी से शुरू हुई दशा माता पूजा, दशमी तक चलेगा पूजा और कथा का क्रम

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



धुलंडी के दिन से कस्बा स्थित बस स्टैंड के पास सदाबहार महादेव मंदिर में दशा माता की पूजा का सिलसिला शुरू हो गया है। क्षेत्र की महिलाएं प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर दशा माता के थानक पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रही हैं और दशा माता की कथा भी सुन रही हैं।

महिलाएं अपने घरों से दीपक, अगरबत्ती, कंकू, गुड़, गेहूं सहित अन्य पूजा सामग्री लेकर मंदिर पहुंचती हैं और श्रद्धा भाव से दशा माता की पूजा करती हैं। पूजा के बाद महिलाएं दशा माता की कहानी कहती हैं तथा पारंपरिक गीत भी गाती हैं।

दशा माता की पूजा और कथा का यह क्रम धुलंडी से शुरू होकर दशमी तक लगातार दस दिनों तक चलेगा। इस दौरान कई महिलाएं दशा माता का दस दिन का व्रत भी रखती हैं। मंदिर में आयोजित पूजा में मीरा सेन, मधु सेन, कान्ता दाधीच, उषा सेन, पायल सेन, कोमल सेन सहित कई महिलाएं शामिल होकर दशा माता की श्रद्धापूर्वक पूजा कर रही हैं।

तरुण खटीक हत्याकांड को लेकर समाज में रोष

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के नाम ज्ञापन, फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमे की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**(नरेश धाकड़)** दिल्ली के उत्तम नगर थाना क्षेत्र में होली के अवसर पर दलित युवक तरुण खटीक की कथित मॉब लिंचिंग में हत्या के मामले को लेकर खटीक समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। घटना के विरोध में समाज के लोगों ने सोमवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि होली के दिन उत्तम नगर क्षेत्र में संप्रदाय विशेष के आपराधिक तत्वों द्वारा दलित युवक तरुण खटीक की बेहद निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे देश के खटीक समाज में रोष व्याप्त है और समाज के लोगों ने इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया है।

समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस घटना से कमजोर और वंचित वर्ग में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मामले के सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए और कठोरतम दंड के साथ फांसी की सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि पीड़ित परिवार को तत्काल 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।


भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com


# भाजपा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला आयोजित

## कार्यकर्ताओं के निर्माण एवं उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी - छगन माहुर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला संगठन द्वारा जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर एवं पूर्व महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य एवं अभियान जिला संयोजक जिला महामंत्री अविनाश जीनगर की उपस्थिति में किया गया।





जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलेभर में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गों को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, कार्य पद्धति में सिद्धांत आधारित आचरण विकसित करना, पार्टी के इतिहास और विकास की जानकारी देना, सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना तथा राष्ट्रीय चुनौतियों और नैरेटिव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का आधार है। कार्यकर्ता में दायित्व बोध से व्यक्तित्व निर्माण होता है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण को बल मिलता है। एक विचार को लेकर चलने वाली भारतीय जनता पार्टी आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में स्थापित हो चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व में परम वैभव की ओर ले जाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि जिले के 39 मंडलों में 12 से 25 मार्च के मध्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने पदाधिकारियों से प्रशिक्षण वर्ग के व्यवस्थित, सादगीपूर्ण एवं अनुशासित संचालन का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान समयबद्धता, स्वच्छता, मोबाइल से दूरी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि रात्रि विश्राम वाले इन 24 घंटों के प्रशिक्षण वर्गों में लोकेशन आधारित ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था रहेगी।

कार्यशाला के प्रारंभ में अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने सभी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा सभी के समक्ष रखी। संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। अंत में आभार अभियान सहसंयोजक केसर सिंह चौधरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अभियान जिला सहसंयोजक राजेश सेन, विशाल गुरुजी, रामेश्वर छीपा, हेमंत शर्मा, अभिश्रुता सोलंकी, सुनिल देवपुरा, राजेंद्र सालवी, बहादुर सिंह भी मंचासीन रहे।


कार्यशाला में जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, कुलदीप शर्मा, मंजू चेचाणी, गोपाल तेली, अमरसिंह चौहान, सुरेंद्र सिंह मोटरास, लादूलाल जाट, कांता शर्मा, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिरला, भूपेंद्र सिंह, अनिल सिंह जादौन, रागिनी गुप्ता, महावीर समदानी, अजय नौलखा, महेंद्र नायक, आकाश मलावत, बाबूलाल आचार्य, पूरण डीडवानिया, इमरान कायमखानी, मंजू पालीवाल, शंकरलाल जाट सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्थरों के सहारे टिकी पुलिया दे रही हादसे को न्योता, पांच गांवों की जीवनरेखा बदहाल

## विकास के दावों के बीच हकीकत: जर्जर पुलिया से गुजरने को मजबूर ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**नरेश धाकड़** । उपखंड क्षेत्र में विकास के दावों के बीच एक ऐसी हकीकत सामने आई है जो ग्रामीण इलाकों की बदहाल आधारभूत सुविधाओं की पोल खोल रही है। उम्मेदपुरा से चंपापुर मार्ग पर एरू नदी पर बनी एक जर्जर पुलिया पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों के लिए खतरे का सबब बनी हुई है। इसके बावजूद अब तक न तो इसकी मरम्मत की गई और न ही पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नजर आई है।



दरअसल, यह पुलिया बिजोलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध सैंड स्टोन के बड़े-बड़े पत्थर ब्लॉकों से बनाई गई थी। समय के साथ इन पत्थरों की पकड़ ढीली पड़ने लगी है और कई जगहों से पत्थर खिसकने व दरकने लगे हैं। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से पुलिया की स्थिति और भी कमजोर होती जा रही है। हालात ऐसे हैं कि यह पुलिया अब किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

यह पुलिया एरू नदी पर बनी होने के कारण आसपास के आंट, रेसूदा, सूरजविलास, सतकुड़िया और उम्मेदपुरा सहित करीब पांच गांवों की जीवनरेखा बनी हुई है। इन गांवों के ग्रामीण, किसान और स्कूली बच्चे रोजाना इसी पुलिया से होकर गुजरते हैं। लेकिन पुलिया की जर्जर स्थिति के कारण हर दिन उनका सफर जोखिम भरा बना रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया की हालत पिछले करीब पांच वर्षों से लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधियों की ओर से इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्थिति यह है कि पुलिया कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और पत्थरों के खिसकने से रास्ता भी असमान हो गया है, जिससे वाहनों के गुजरने में भी खतरा बना रहता है।

गौरतलब है कि पहले यह क्षेत्र राणा जी का गुढ़ा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता था, लेकिन पंचायत पुनर्गठन के बाद अब यह बानिया का तालाब ग्राम पंचायत के अधीन है। पंचायत बदलने के बाद भी पुलिया के सुधार को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस पुलिया की खराब स्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पुलिया की मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया तो भविष्य में यह पुलिया किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

एक ओर जहां देश आधुनिक तकनीकों और विकास के नए आयाम छूने की बात करता है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं की ऐसी तस्वीरें विकास के दावों पर सवाल खड़े करती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उम्मेदपुरा-चंपापुर मार्ग की इस जर्जर पुलिया का शीघ्र सर्वे कराकर मरम्मत या पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने विधानसभा में उठाया रोडवेज बसों की कमी का मुद्दा

## नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव रखा, बंद पड़े पुराने रूटों पर बसें फिर से शुरू करने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से अपने निर्वाचन क्षेत्र में रोडवेज बसों की कमी और कई महत्वपूर्ण रूटों के बंद होने का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठाया।




विधायक खंडेलवाल ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि क्षेत्र में रोडवेज बसों का पर्याप्त संचालन नहीं होने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बसों के बंद रहने से राजस्थान रोडवेज निगम को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने सदन में कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण और राजस्व देने वाले बस रूट कोरोना काल से ही बंद पड़े हैं, जिन्हें अब तक पुनः शुरू नहीं किया गया है। इन रूटों पर बसों का नियमित संचालन शुरू होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिल सकती है।

विधायक ने सदन में जिन प्रमुख रूटों पर बसों के संचालन की मांग रखी, उनमें भीलवाड़ा से जोगणिया माता (वाया बडलियास, बरुंधनी, सिंगोली), भीलवाड़ा से कोटा (वाया मांडलगढ़-बिजौलिया), भीलवाड़ा से कोटा (वाया महुआ-श्यामपुरा), बिजौलिया से बूंदी, भीलवाड़ा से रावतभाटा (वाया सवाईपुर, अकोला, बडलियास, बरुंधनी, सिंगोली, बिचोर, बेगूं), भीलवाड़ा से मांडलगढ़, भीलवाड़ा से काछोला/शरतला तथा भीलवाड़ा से बिजौलिया (वाया त्रिवेणी, मानपुरा, धामनिया, जसुजी का खेड़ा, सरथला, झंझोला, मांगटला, माल का खेड़ा) शामिल हैं।

विधायक खंडेलवाल ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई ई-बसों के संचालन के लिए आभार भी व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मांडलगढ़ और बिजौलिया क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति तथा व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए इन पुराने रोडवेज रूटों का पुनः संचालन बेहद आवश्यक है। उन्होंने सरकार से जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए इन रूटों पर जल्द से जल्द बसें शुरू करने का आग्रह किया।

# अरिहंत प्रीमियर लीग सीजन-7 सम्पन्न, एमवाईएम स्ट्राइकर बनी विजेता

## 196 खिलाड़ियों ने लिया भाग, सांसद दामोदर अग्रवाल की मौजूदगी में खेला गया फाइनल मुकाबला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



श्री महावीर युवक मंडल सेवा संस्थान द्वारा आयोजित अरिहंत प्रीमियर लीग (एपीएल) का सीजन-7 उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 मार्च को शहर विधायक अशोक कोठारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता में संस्थान के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अब खिलाड़ियों को सीजन-8 का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

संस्थान के 1150 सदस्यों में से 196 सदस्यों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कुल 14 टीमों का गठन किया गया, जिनके खिलाड़ियों का चयन लॉटरी के माध्यम से संस्थान कार्यालय पर किया गया। हर टीम के खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए भरपूर प्रयास किया।

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन सुबह दो मैच और शाम को दूधिया रोशनी में चार मुकाबले खेले गए। फाइनल मैच से पहले सांसद दामोदर अग्रवाल ने टॉस करवाया। फाइनल मुकाबला एमवाईएम स्टार और एमवाईएम स्ट्राइकर टीम के बीच खेला गया, जिसमें स्ट्राइकर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीजन-7 का खिताब अपने नाम किया।

संस्थान पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल क्रिकेट खेलने के लिए ही नहीं बल्कि संस्थान के सदस्यों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने और उन्हें संस्थान की सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता में आए अतिथियों ने भी संस्थान की इस पहल की सराहना की।

संस्थान द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में अरिहंत हॉस्पिटल तथा शिक्षा के क्षेत्र में अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा संस्थान सामाजिक सेवा के कार्यों में भी सक्रिय है। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 1200 यूनिट रक्तदान करवाया जाता है। इस वर्ष अब तक 10 नेत्रदान और एक देहदान भी संस्थान के माध्यम से कराया जा चुका है, जबकि 50 से अधिक देहदान के फॉर्म मेडिकल कॉलेज में जमा करवाए गए हैं।

आने वाली गर्मी के मौसम में संस्थान द्वारा मूक पशुओं के लिए पानी की टंकियों का वितरण भी किया जाएगा। विगत वर्षों में संस्थान की ओर से लगभग 2000 पानी की टंकियां वितरित की जा चुकी हैं।

संस्थान के संरक्षक बाबूलाल सूर्या, अध्यक्ष पंकज लालानी, मंत्री मनीष बडोला, उपाध्यक्ष अतुल बापना, सहमंत्री राजकुमार लोढ़ा, कोषाध्यक्ष मुकुल सूर्या सहित सभी सदस्य विभिन्न सेवा कार्यों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# प्रथिक नगर माहेश्वरी समाज संस्थान ने मनाया होली स्नेह मिलन के साथ फागोत्सव

## ठाकुरजी की प्रतिमा के समक्ष महिलाओं द्वारा होली के गीत, फाग नृत्य आदि की रंगारंग प्रस्तुति दी, विजेताओ को किया पुरस्कृत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



विजय सिंह पथिक नगर माहेश्वरी समाज संस्थान अध्यक्ष मुकेश काबरा के नेतृत्व में क्षेत्र मे निवासरत माहेश्वरी परिवारों का होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सांगानेर के महेश भवन में आयोजित किया गया। मंत्री कैलाश चंद्र गदिया ने बताया कि स्नेह मिलन के दौरान फैंसी ड्रेस, कपल गेम, सामूहिक महिला नृत्य और रिश्तों की रैंप वॉक जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। संरक्षक देवेन्द्र सोमानी, प्रदीप शारदा, संस्थान अध्यक्ष मुकेश काबरा, रवि बाहेती द्वारा भगवान महेश की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय माहेश्वरी महिला मंडल व युवा संगठन के सहयोग से किए गए इस आयोजन में समाज बंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। संस्थान अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि स्नेह मिलन में राधेश्याम चेचाणी, सुभाष बहेडिया, कैलाश कोठारी, राधेश्याम सोमाणी, दिनदयाल मारू, ओमप्रकाश गट्टयानी, राजेन्द्र कचोलिया, प्रदीप बल्दवा, रमेश राठी, रामकिशन सोनी, सुशील मरोटिया, महेन्द्र काकाणी, केदार गगराणी, सजंय जागेटिया, सुरेश कचोलिया, राजेन्द्र भदादा, पार्षद कैलाश मून्दड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों का तिलक लगाकर और दुपटा ओढ़ाकर स्वागत किया। महिला मंडल अध्यक्ष सुमन राठी व मंत्री सरोज बांगड ने बताया की माहेश्वरी भवन में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने फूलों की होली खेली और एक दूसरे को बधाइयां दी। साथ ही ठाकुरजी की प्रतिमा के समक्ष महिलाओं द्वारा होली के गीत, फाग नृत्य आदि की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। प्रतियोगिता में विजेता रहे प्रथम, द्वितिय, तृतीय को पुरस्कार प्रदान किये गये। साथ ही सभी भामाशाहो को गिरीराज धरण की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरीश बाहेती, बृजेश जाजू, रामेश कचोलिया, विकास सोमानी, ओम नौलखा, जयप्रकाश गंदोडिया, शिवरतन काबरा, प्रहलाद राय काकाणी, गिरिराज कचोलिया, रामराय मण्डोवरा, रामसहाय पटवारी, मधुसूदन बागला, दिनेश देवपुरा, गोविन्द अजमेरा, प्रकाश गंदोडिया, चिराग मंडोवरा, सुधांशु पटवारी, सहित समस्त क्षेत्रीय प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

# महावीर जयंती पर भीलवाड़ा में दो दिवसीय कार्यक्रम, 29 को रक्तदान शिविर व प्रतियोगिताएं

## 30 मार्च को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, सामूहिक वात्सल्य भोज के साथ होगा समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

दिगंबर जैन समाज ट्रस्ट स्वाध्याय भवन के तत्वावधान में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा महावीर जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

ट्रस्ट अध्यक्ष सोहनलाल गंगवाल ने बताया कि 29 मार्च को सुबह 9 बजे से विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनमें विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से वृहत रक्तदान शिविर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा शिशु स्वास्थ्य प्रतियोगिता, त्रिशला महिला मंडल द्वारा अहिंसा वृक्ष सजाओ प्रतियोगिता, ज्ञानमती महिला मंडल द्वारा जैन ध्वज सजाओ प्रतियोगिता, दिगंबर जैन आर्थिक विकास संस्थान द्वारा बीपी व शुगर जांच शिविर, बाहुबली महिला मंडल द्वारा पारंपरिक मांडना प्रतियोगिता तथा वीतराग मंडल के संयोजन में भामंडल सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रम अग्रवाल उत्सव भवन, सेवा सदन रोड पर आयोजित होंगे। इसी दिन रात्रि 8 बजे आदिनाथ नवयुवक मंडल के संयोजन में बधावा एवं पालना झुलावो कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें शहर की विभिन्न महिला मंडलें धार्मिक प्रस्तुतियां देंगी।

ट्रस्ट सचिव प्रदीप चौधरी ने बताया कि 30 मार्च को महावीर जयंती के अवसर पर सुबह 8 बजे बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी के संयोजन में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा आमलियो की बारी मंदिर से प्रारंभ होकर माणिक्य नगर, स्वाध्याय भवन, महावीर पार्क, राजेंद्र मार्ग, स्टेशन चौराहा, गोल प्याऊ चौराहा और सुभाष मार्केट होते हुए पुनः आमलियो की बारी पहुंचेगी।

शोभायात्रा के समापन पर सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महावीर जयंती के दिन सुबह शहर की विभिन्न कॉलोनियों के जैन मंदिरों से प्रभात फेरियां भी निकाली जाएंगी।

# केंद्र सरकार की टीम ने लाडपुरा पंचायत का किया निरीक्षण

## आवास, जल जीवन मिशन व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**



केंद्र सरकार की टीम द्वारा ग्राम पंचायत में विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग से जुड़े लाभार्थियों से बातचीत कर योजनाओं की प्रगति और लाभ की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानी गई। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी संगीता व्यास, प्रशासक प्रकाश कंवर, ग्राम विकास अधिकारी रतिराम मीणा, सहायक सचिव भागीरथ मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी राजकुमार व्यास, प्रभुलाल धाकड़, बिजली विभाग के एईएन लैखराज जांगिड, चिकित्सा विभाग के डॉ. राहुल चौधरी तथा जल विभाग के विनोद गर्ग और आशीष पारीक सहित कई लाभार्थी मौजूद रहे।

इस अवसर पर ग्रामवासियों और युवाओं ने चौराहे पर महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग को लेकर जिला परिषद के सीईओ चंद्र सिंह भाटी के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि चौराहे पर महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द महिलाओं के लिए शौचालय निर्माण करवाने की मांग की।

QUICK BITES

# प्रजापत समाज ने मनाया रंग पंचमी महोत्सव, निकली श्री लक्ष्मीनाथ भगवान की शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



कस्बे में प्रजापत समाज द्वारा परंपरागत रूप से रंग पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के मध्य स्थित श्री लक्ष्मीनाथ भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें प्रजापत समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। समिति के मीडिया प्रभारी शंभूलाल प्रजापत ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रजापत समाज द्वारा रंग पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री लक्ष्मीनाथ भगवान के मंदिर से रवाना होकर सदर बाजार से होते हुए मुख्य मार्ग के बस स्टैंड तक पहुंची। इसके बाद बस स्टैंड से प्रताप सागर के किनारे स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचकर भगवान की आरती कर भोग लगाया गया। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों ने भगवान को रंग-गुलाल अर्पित करते हुए होली खेली और भक्ति भाव से झूमते नजर आए। इस दौरान प्रजापत समाज के साथ ही गांव के अन्य लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर महोत्सव का आनंद लिया। आयोजकों के अनुसार रात्रि 8 बजे श्री चारभुजा नाथ मंदिर से शोभायात्रा पुनः रवाना होकर रात 10 बजे श्री लक्ष्मीनाथ भगवान के मंदिर पहुंचेगी, जहां महाआरती एवं भोग लगाकर शोभायात्रा का समापन किया जाएगा।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, महिलाओं को बताए अधिकार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार महाराणा प्रताप राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति, पटवार भवन के पास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर ने एक्शन प्लान के तहत महिलाओं को विधिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नालसा (2015) की योजना, गरीबी उन्मूलन योजनाओं सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में लोक परियोजना के प्रबंधक रिंकू मीणा ने भी महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में लखपति योजना से जुड़ी गुड्डी खटीक, कविता साहू, लक्ष्मी यादव, संतोष यादव, शबाना बेगम, बेबी कंवर राजपूत, ममता मेवाड़ा, शारदा, सरिता धाकड़ सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा में उठाए आयुष चिकित्सा, पंचायत व गौशालाओं के मुद्दे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने सोमवार को राजस्थान विधानसभा में महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखते हुए आयुष चिकित्सा, ग्रामीण लोकतंत्र और गौ संरक्षण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सदन में प्रस्तुत दो महत्वपूर्ण विधेयकों का समर्थन करते हुए गौशालाओं और गौ चिकित्सा से संबंधित सुझाव भी रखे। विधानसभा में 'राजस्थान आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक-2026' पर चर्चा के दौरान विधायक कोठारी ने कहा कि यह विधेयक केवल एक विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं बल्कि भारत की हजारों वर्ष पुरानी आयुर्वेद और योग परंपरा को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर आकर्षित हो रही है और कोरोना महामारी के बाद लोगों ने प्रतिरक्षा शक्ति तथा प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को बेहतर तरीके से समझा है।

विधायक कोठारी ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय परिसर जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और भीलवाड़ा में स्थापित किए जाएं, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को आयुष शिक्षा का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होंने आयुष और आधुनिक चिकित्सा के संयुक्त अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की भी बात कही, जिससे आयुर्वेद की वैज्ञानिक विश्वसनीयता और मजबूत हो सके।

उन्होंने विश्वविद्यालय में ऑनलाइन पाठ्यक्रम, डिजिटल लाइब्रेरी और वर्चुअल कक्षाओं की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया, ताकि दूर-दराज के क्षेत्रों के विद्यार्थी भी आयुष शिक्षा से जुड़ सकें। इसके साथ ही आयुष नवाचार एवं स्टार्टअप केंद्र तथा बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे। विधायक कोठारी ने विशेष रूप से गौ आधारित चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आयुर्वेद और भारतीय परंपरा में गौमाता का विशेष महत्व रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में गौ आधारित चिकित्सा पद्धति पर विशेष शोध और अध्ययन की व्यवस्था की जानी चाहिए। वर्तमान में गौमूत्र, पंचगव्य और अन्य गौ उत्पादों पर देश के कई राज्यों में शोध हो रहा है, जिससे सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय द्वारा आसपास के गांवों को गोद लेकर 'आयुष ग्राम' परियोजना चलाई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो सके। साथ ही पंचकर्म, योग प्रशिक्षक और आयुर्वेदिक फार्मेसी जैसे कौशल आधारित अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू करने का भी सुझाव दिया। इसी दौरान विधायक कोठारी ने 'राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक-2026' का समर्थन करते हुए कहा कि पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि दो से अधिक बच्चों की शर्त के कारण कई योग्य लोगों को पंचायत चुनाव लड़ने से वंचित होना पड़ता था। यह संशोधन लोकतंत्र की भावना के अनुरूप है और इससे अधिक लोगों को जनसेवा का अवसर मिलेगा। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विधायक कोठारी ने प्रदेश की गौशालाओं की स्थिति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हजारों गौशालाएं निराश्रित गौवंश की सेवा कर रही हैं, लेकिन अनुदान समय पर नहीं मिलने के कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि गौशालाओं को मिलने वाला अनुदान 9 माह से बढ़ाकर 12 माह किया जाए तथा इसे समय पर जारी किया जाए। साथ ही गौशाला खोलने के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को सरल बनाने और ग्राम पंचायत स्तर पर गौ आश्रय स्थल तथा तहसील स्तर पर नंदी शालाओं की स्थापना की प्रक्रिया को भी आसान बनाने का सुझाव दिया। विधायक कोठारी ने कहा कि यदि सरकार इन सुझावों पर गंभीरता से विचार करती है तो प्रदेश में आयुष चिकित्सा, गौ आधारित चिकित्सा और गौ संरक्षण को नई मजबूती मिलेगी तथा राजस्थान इस क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकेगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।